कुल मुद्रित पृष्ठ संख्या / Total No. of printed pages: 05

# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
# Atomic Energy Education Society
## वार्षिक परीक्षा / Annual Examination 2025-26

## उत्तर तालिका एवं अंक योजना

कक्षा /Class : छठी (VI) अवधि/Duration : तीन घंटे (3 Hours)

विषय/Subject :हिन्दी अधिकतम अंक/Maximum Marks : 80

**नोट- दिए गए उत्तरों से भिन्न किन्तु सही होने पर स्वविवेक से अंक दिए जाएँ ।**

### खंड - ( क ) अपठित बोध

**उत्तर 1. अपठित गद्यांश (1x7= 7 अंक )**

(i) (ख) ज्ञान (ii) (घ) ईमानदारी (iii) (क) प्रेरणा (iv) (ग) भटकाता है

(v) (ख) भाषा में (vi) (क) विज्ञान व कहानी की पुस्तकें

(vii) (घ) पुस्तकें ज्ञान का स्रोत हैं

**उत्तर 2. अपठित पद्यांश (1x7= 7 अंक )**

(i) (ख) धैर्य (ii) (घ) शांति (iii) (ग) हरियाली (iv) (ख) उपहार

(v) (क) साहस का (vi) (ग) जब हम उसे बचाने का प्रयास करेंगे (vii) (क) प्रकृति का महत्व

**उत्तर 3. खंड - ( ख ) व्यावहारिक व्याकरण (1x20 = 20 अंक )**

(i) (क) उपजाऊ (ii) (ग) सर्वनाम (iii) (ख) गगन (iv) (क) सुमन

(v) (घ) तेजस्वी (vi) (ग) सर्वनाम (vii) (क) उन्होंने (viii) (घ) हवा

(ix) (ख) निर्दयी (x) (ग) बहुत (xi) (ख) पंछी (xii) (क) इधर -उधर घूमना

(xiii) (क) शाम (xiv) (ग) समय निकलने पर पछताने से कोई फायदा नहीं।

(xv) (ग) अंधकार (xvi) (घ) वह (xvii) (ख) अनिश्चयवाचक

(xviii) (ख) कर्म कारक (xix) (घ) संज्ञा

(xx) (क) ऐसी चीज जिसको चाहने वाले अनेक

## खंड - ( ग ) पाठ्यपुस्तक

**उत्तर 4. नीचे दिए पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर लिखो । (5)**

क) उपर्युक्त गद्यांश 'परीक्षा' पाठ से लिया गया है। **(1)**

ख) किसान की तरफ देखकर युवक के मन में सन्देह हुआ कि कहीं यह सुजानसिंह तो नहीं है ? क्योंकि आवाज भी मिलती है और चेहरा मोहरा भी वही है । **(2)**

ग) निदान का महीना पूरा हो गया था और चुनाव का दिन आ गया था । सभी उम्मीदवारों को अपनी किस्मत के फैसले की प्रतीक्षा थी । इसलिए उनके लिए दिन काटना पहाड़ हो गया था । (2)

**उत्तर 5. नीचे दिए पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर लिखो । (5)**

क) उपर्युक्त पद्यांश 'श्री श्यामनारायण पाण्डेय' द्वारा रचित है। **(1 अंक)**

ख) चेतक राणा प्रताप की पुतली फिरने अर्थात उनके इशारे से पहले मुड़ जाता था । **(2 अंक)**

ग) चेतक अपनी निर्भीकता तथा वीरता का परिचय देते हुए दुश्मनों पर आक्रमण कर देता था। दुश्मनों के बीच घुसकर भीड़ को रौंदते हुए आगे बढ़ जाता था। चेतक हवा से भी तेज दौड़कर दुश्मनों के छक्के छुड़ा देता था। **(2 अंक)**

**उत्तर 6. कोई भी तीन सही उत्तर मान्य किए जाएँ और अंक दिए जाएँ। (2x3 = 6अंक)**

(i) पौधे, मिट्टी तथा जल की उपस्थिति में हरी पत्तियों में उपस्थित क्लोरोफिल, कार्बन डाइ ऑक्साइड तथा सूर्य के प्रकाश की सहायता से अपना भोजन बनाते हैं।

(ii) एंजेला और उसकी माँ एलेसेंड्रा अप्रैल के महीने में भारत पहुँचे थे। यह अवसर रोंगाली या बोहाग बिहू का था।

(iii) माता यशोदा श्रीकृष्ण के भोले भाले तर्क सुनकर उनकी मासूमियत पर (रीझकर) प्रसन्न होकर उन्हें अपने गले लगा लेती हैं।

(iv) दीवान के सामने योग्य उम्मीदवार खोजने की समस्या थी। इसके लिए उन्होंने विज्ञापन निकलवाया और उसमें लिखा कि शिक्षा नहीं अपितु आचार, व्यवहार और गुणों को एक महीने तक परखकर उम्मीदवार चुना जाएगा।

**उत्तर 7. कोई भी चार सही उत्तर मान्य किए जाएँ और अंक दिए जाएँ। (3x4 = 12 अंक)**

(i) मलंग गाँव में उत्सव का माहौल देखकर एंजेला हैरान रह गई थी। उसने इतने लोगों को एक साथ पहले कभी नहीं देखा था। सुंदर पोशाकों में लड़के-लड़कियों का आकर्षक नृत्य देख वह मंत्रमुग्ध थी। उसके मन में भी बसंत के आगमन पर नृत्य करने की इच्छा हुई। एंजेला भारतीय नृत्य परंपरा, मनमोहक संगीत और भारतीय समाज पर इसके प्रभावों पर सोच रही थी ।

(ii) मॉरिशस की असली ताकत भारतीय लोग ही हैं। मॉरिशस वह देश है जहाँ की जनसंख्या के 67 प्रतिशत लोग भारतीय खानदान के हैं तथा जहाँ 53 प्रतिशत लोग हिंदू ही हैं। मॉरिशस में ऊख की खेती और उसके व्यवसाय को जो सफलता मिली है, भारतीयों के कारण मिली है। अतः हम कह सकते हैं कि मॉरिशस की असली ताकत भारतीय लोग ही हैं।

(iii) बीज के अंकुरित होने में सहयोग मिलता है-

1. मिट्टी में उपस्थित जल तथा द्रव्य पदार्थों का
2. सूर्य के प्रकाश का
3. मनुष्यों द्वारा छोड़ी गई अंगारक वायु (कार्बन डाईऑक्साइड का )
4. जड़ों द्वारा मिट्टी से रसपान का ।

(iv) चेतक बिना डरे शत्रुओं की ढालों के बीच से गुजरा और तलवारों के बीच से तेजी से दौड़ता हुआ निकला, जो उसकी बहादुरी और कौशल का प्रतीक है ।

(v) नेशनल पार्क शहर से बाहर बहुत बड़े जंगल में होता है जिसमें घास बहुत अधिक तथा पेड़ बहुत कम होते हैं। नेशनल पार्क में सर्वत्र अच्छी सड़कें बनी हुई होती हैं तथा उस पर पर्यटकों की

गाड़ियाँ दौड़ती रहती हैं। नेशनल पार्क में शेर और हिरणों का समूह स्वतंत्र रूप से विचरण करता रहता है।

चिड़ियाघर में पशु-पक्षी तथा शेर, हिरण अन्य जानवर एक सीमित क्षेत्र में ही रहते हैं। जिसके लिए कुछ निर्धारित स्थान निवास के लिए बनाए जाते हैं जो कि एक सीमित दायरा होता है।

(vi) पद में श्रीकृष्ण ने माता यशोदा से अपने बारे में सफ़ाई देते हुए कहा कि- मैया मैंने माखन नहीं खाया। प्रातः होते ही मैं गौओं को चराने वन में चला जाता हूँ और सुबह से शाम तक वन में ही रहता हूँ। शाम को ही घर आता हूँ। मैं तो छोटा - बालक हूँ, मेरे हाथ भी छोटे ही हैं। मेरे हाथ किस प्रकार छींके तक पहुँच सकते हैं। ये सभी ग्वाल-बाल तो मेरे बैरी (शत्रु, दुश्मन) हैं, ये मेरे मुँह पर जबरदस्ती माखन लगा देते हैं। माता आप बहुत ही भोली हो जो इनके कहने में आ जाती हो। आपके हृदय में मेरे प्रति कुछ संदेह है तभी आप मुझे पराया समझती हो। आप ये अपनी लाठी और कंबल ले लो। ये मुझे बहुत नाच नचाते हैं।

**उत्तर 8. कोई भी दो सही उत्तर मान्य किए जाएँ और अंक दिए जाएँ। (4x2 = 8 अंक)**

I. लेखक और अन्य लोग नेशनल पार्क में जब सिंहों के पास पहुँचे तो उन्होंने (सिंहों ने) उनकी तरफ देखा भी नहीं, जैसे वे पेड़-पौधों और खर-पात से भी बदतर हों । सिंहों ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि प्रतिदिन उन्हें कोई-न-कोई देखने आता था और उन्हें इसकी आदत पड़ गई थी ।

II. वृक्ष समाप्त होने के बाद भी हमारे लिए बहुत कुछ करता है। पेड़ों की लकड़ी, ईंधन तथा फर्नीचर बनाने के काम आती हैं। धरती पर गिरे बीज मिट्टी से द्रव्य पदार्थ लेकर पुन: पौधे के रूप में उगने लगते हैं और फिर एक नया पेड़ बन जाता है। यही चक्र चलता रहता है।

III. माँ एलेसेंड्रा के पास एक महीने का वक्त था। उन्होंने स्कूल प्रशासन को इसकी जानकारी दी होगी और एंजेला के स्कूल से उसकी छुट्टियों की अनुमति ली होगी। उन्होंने यात्रा के लिए जरूरी दस्तावेज़ संभाले होंगे। डॉक्यूमेंट्री से संबंधित उपकरणों और वस्तुओं को ध्यान से पैक किया होगा। इसके अलावा व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सामान रखा होगा। माँ ने भारत के असम राज्य में रहने के स्थान और शूटिंग के समय और स्थान की भी उचित जानकारी इकट्ठा की होगी। इससे समय की बचत होती है और डॉक्यूमेंट्री निर्माण भी सुचारू रूप से होने में मदद मिली होगी।

IV. 'चेतक की वीरता' में कवि यह संदेश देना चाहते हैं कि अपनी सूझ-बूझ से विकट परिस्थियों में भी रास्ता खोज निकालना चाहिए। ऐसे माना जाता है कि चेतक बहुत समझदार घोड़ा

था। जब हल्दी घाटी का युद्ध हुआ था उस वक्त वह बड़ी वीरता से मुगल सेना के चंगुल से महाराणा प्रताप को बचाकर लाया था और उनके प्राणों की रक्षा की।

**<u>खंड - ( घ ) रचनात्मक लेखन</u>**

उत्तर 9. प्रारंभ 1 अंक

विषय वस्तु - 3 अंक

पत्र की समाप्ति - 1 अंक

उत्तर 10.

विषय-वस्तु 2

वर्तनी 2

मौलिकता 1

-------------------